नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत वायु गुणवत्ता में सुधार के विषय पर हुई कार्यशाला,लोगों को किया गया जागरूक, अन्य निकायों के भी अधिकारी/कर्मचारी रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत वायु गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए इसके लिए नगर निगम भिलाई के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें अन्य निकाय के अधिकारी/कर्मचारी सहित शहर के नागरिक भी सम्मिलित हुए। कार्यशाला के माध्यम से सभी को वायु गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए इसके विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने वायु गुणवत्ता की सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हुए हैं इसी तारतम्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीएमयू हरीश ठाकुर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। दरअसल यह प्रोग्राम पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत भारत के 131 शहर को शामिल किया गया है। वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु जन जागरूकता , प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास इस प्रोग्राम का प्रमुख उद्देश्य है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में वायु गुणवत्ता में सुधार किया जाना है। इन मशीनों का उपयोग वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किया जाना है। भिलाई में प्रदूषण के स्रोत की पहचान करने के लिए सोर्स अपोसनमेंट स्टडी किया जा रहा है। प्रदूषण के स्रोत की पहचान कर प्रदूषण नियंत्रित किए जाने के लिए उपयुक्त सुझाव "सिटी एक्शन प्लान" बनाया गया है। पब्लिक अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत लोगों को प्रदूषण के मुख्य घटक एवं प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया गया।